समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# आमदार राहुल कुल बने महाराष्ट्र विधानसभा की सार्वजनिक उपक्रम समिति के अध्यक्ष।

Publisher Published on 21 May 2025



**मुंबई/दौंड,**: महाराष्ट्र विधानसभा के **वर्ष 2024-25** कार्यकाल के लिए विभिन्न समितियों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में **भाजपा विधायक राहुल कुल** को **सार्वजनिक उपक्रम समिति का अध्यक्ष** नियुक्त किया गया है। **मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस** की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया।

### विधिमंडल समिति मे अंहम जिम्मेदारी

यह नियुक्ति **मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुळे, कार्याध्यक्ष रवींद्र चव्हाण** और **भाजपा विधिमंडल प्रतोद रणधीर सावरकर** की सहमति से की गई। राहुल कुल ने हाल ही में मुंबई विधानभवन में पदभार संभाला, जहां **विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर** ने उनका अभिनंदन करते हुए स्वागत किया।

### परिवार की विरासत और अनुभव

**राहुल कुल** के पिता, दिवंगत विधायक **कै. सुभाष कुल**, महाराष्ट्र विधानसभा की **आश्वासन समिति के अध्यक्ष** रह चुके हैं। राहुल कुल को इससे पहले हक्कभंग समिति का अध्यक्ष भी बनाया गया था। अब दूसरी बार उन्हें सार्वजनिक उपक्रम समिति का नेतृत्व सौंपा गया है।

### पारदर्शिता और जनहित मे कंार्य की प्रतिबद्धता

पदभार संभालने के बाद राहुल कुल ने **मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार** और **विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर** का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा:"राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों का कार्य अधिक पारदर्शक, परिणामकारक और जनहित केंद्रित रहेगा। हम सभी सदस्यों के सहयोग से निष्कलंक और पारदर्शी रूप से कार्य करेंगे।"

इस अवसर पर **दत्तप्रसाद शिरसाट, मिलिंद नार्वेकर, वरुण सरदेसाई, निलेश राणे, निरंजन डावखरे, धर्मराव अत्राम, अभिजीत वंजारी, विलास भुमरे, सुलभा खोडके, आशिष जावळे** और अन्य **अधिकारी** मौजूद थे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.